# भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान का कृषि रोड मैप तैयार- शिवराज सिंह चौहान

## बाजरा, सरसों, इसबगोल में हम देश में प्रथम स्थान पर, अब प्रोसेसिंग पर जोर देंगे- मुख्यमंत्री



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

जयपुर, 7 अप्रेल। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि का रोडमैप तैयार किया गया है। चौहान ने अन्य राज्यों को भी इस नवाचार का अनुसरण करने का संदेश दिया।

■ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि पहला क्षेत्रीय सम्मेलन राजस्थान में हो रहा है। इसमें कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं, चुनौतियों व संभावनाओं को समझने का एक मंच मिलेगा और कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।

चौहान मंगलवार को जयपुर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक विविधताओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पहले क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का शुभारंभ राजस्थान से किया गया है। उन्होंने खेती से जुड़े इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का राजस्थान में आयोजन होने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा तथा राजस्थान राज्य शामिल हैं तथा इस सम्मेलन में कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं, चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का एक मंच मिलेगा। साथ ही, सम्मेलन से राज्यों के बीच आपसी समन्वय व नवाचारों को भी साझा कर कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि प्रदेश को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में मई माह में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026' का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और तकनीकी जानकारों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने केन्द्र कृषि मंत्री तथा कृषि से जुड़े अन्य गणमान्य विशेषज्ञों को इस सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। शर्मा ने पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन का प्रथम आयोजन राजस्थान में करने के लिए कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सम्मेलन में कृषि विकास के लिए जो वैचारिक मंथन होगा, वह कृषि के भविष्य को नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कृषि बजट में 34 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज बाजरा, सरसों और ईसबगोल जैसे उत्पादों में देश में प्रथम स्थान पर है, जिसे अब प्रोसेसिंग यूनिट्स के जरिए और अधिक लाभकारी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अब पारंपरिक तरीकों के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जिससे कृषि, नौकरी और व्यापार से भी अधिक लाभकारी बन सके।

## असम में भूकंप के झटके

गुवाहाटी, 07 अप्रैल। असम में मंगलवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का झटका दोपहर 02 बजकर 18 मिनट 31 सेकेंड पर महसूस किया गया।

भारतीय सिस्मोलॉजी केन्द्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई। इसका केन्द्र असम के हैलाकांदी जिले में जमीन के अंदर करीब 5 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप का एपिसेंटर 24.823 उत्तरी अक्षांश और 92.634 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया।

■ फिलहाल जान-माल की हानि की सूचना नहीं।

झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# लगातार तीसरे दिन श्रीगंगानगर में पाकिस्तान से आई हेरोइन पकड़ी

श्रीगंगानगर, 7 अप्रेल (निसं)। बॉर्डर पर लगातार मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं। लेकिन बीएसएफ और पुलिस ने मिलकर इस वारदात को भी असफल कर दिया है। टीम ने एक एफसी रोही में किसान दिलबागसिंह के खेत से तीन पैकेट में 2 किलो 340 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद हुई हेरोइन की एनसीबी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 करोड़ रुपए कीमत आंकी है। दो अज्ञात युवक हेरोइन के पैकेट उठाने में तो कामयाब हो गए, लेकिन ले जा नहीं सके। बीएसएफ की मूवमेंट के कारण आरोपियों को न केवल हेरोइन के पैकेट, बल्कि अपने कपड़े व जूते तक मौके पर ही छोड़कर भागना पड़ा।

श्रीकरणपुर थाने के कार्यवाहक एसएचओ मालासिंह ने अज्ञात युवकों पर हेरोइन तस्करी के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। एसपी हरी शंकर के निर्देश पर मामले की जांच समेजा कोठी एसएचओ कृष्ण कुमार को सौंपी गई है।

■ पकड़ी गई दो किलो 340 ग्राम हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 12 करोड़ रूपए बताई जाती है।

कार्रवाई में थाने से एएसआई जंगशेर खान, कांस्टेबल लोकेश मीणा, विनोद व चालक जोगिंदर सिंह तथा बीएसएफ के एसआई अतुल शर्मा व हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार सहित, अन्य जवान भी शामिल थे।

बीएसएफ की 118वीं बटालियन के कमांडेंट पीएस राठौड़ व अन्य अधिकारियों ने मौका देखा। बीएसएफ की 163वीं बटालियन के तीन एफसी बीओपी के रात्रिकालीन ड्यूटी स्टाफ ने रात 2 से 3 बजे के बीच एक एफसी की रोही में ड्रोन की एक्टिविटी को देखा। इसकी सूचना बीओपी अधिकारियों और फिर उच्चाधिकारियों को दी गई। बीएसएफ के जवानों ने एरिया को सील करने को गाड़ियां दौड़ाई, जिस ओर से ड्रोन वापस पाकिस्तान की ओर लौटा, उस एरिया में सर्च शुरू किया। बीएसएफ के जवानों ने दो अज्ञात आरोपियों को दूर से देखकर ललकारा। इससे आरोपी अपना सामान मौके पर ही छोड़कर भागे और अंधेरे में गायब हो गए। लेकिन उनके मौके पर मिले बैग से तीन पैकेट हेरोइन, लोअर, स्वेटर, कंबल व दो जोड़ी जूते बरामद किए गए हैं। दोनों संदिग्ध युवकों के बारे में बीएसएफ और पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। मौके पर मिले कपड़ों में राजस्थान रोडवेज की दो टिकटें मिली हैं। इनमें 24 मार्च की टिकट 78 एनपी से अनूपगढ़ तक की, 30 मार्च की टिकटें समेजा कोठी से अनूपगढ़ तक की हैं। इससे यह आशंका है कि हेरोइन के इन पैकेट को उठाने आए युवक 78 एनपी या आसपास के एरिया के हो सकते हैं, इसीलिए जांच समेजा कोठी एसएचओ को दी गई है।

# 'अगले 48 घंटे घर पर ही रहें'

## भारत सरकार ने ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइज़री जारी की

नई दिल्ली, 08 अप्रैल। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी कि वे अगले 48 घंटों तक जहां हैं, वहीं रहें। घर के अंदर ही रहें और बिजली और सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से दूर रहें।

इसके अलावा, दूतावास द्वारा व्यवस्थित होटलों में ठहरे लोगों से कहा गया है कि वे अपने कमरों के भीतर ही रहें और वहां मौजूद टीमों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। वहीं, सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे आधिकारिक अपडेट्स पर बारीकी से नजर रखें, क्योंकि आपातकालीन हेल्पलाइनें अभी भी चालू हैं। बहरीन में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकियों को शेल्टर इन प्लेस (सुरक्षित जगह पर रहने) की सलाह दी है, क्योंकि वह मध्य-पूर्व में हालात पर बारीकी से नजर रख रहा है। दूतावास ने अमेरिकी सरकार के सभी कर्मचारियों को घर के अंदर रहने का निर्देश दिया है और नागरिकों को भी अगली सूचना तक ऐसा ही करने की सलाह दी है। दूतावास ने लोगों से सुरक्षित इमारतों में रहने, खिड़कियों से दूर रहने और भोजन, पानी और दवाइयों जैसी जरूरी चीजें अपने पास रखने का आग्रह किया है। साथ ही, दूतावास ने अपनी सभी नियमित कांसुलर सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की है और नागरिकों से अपडेट के लिए अपने ईमेल चेक करते रहने को कहा है। कतर ने मंगलवार को चेतावनी दी कि यह क्षेत्र एक ऐसे मोड़ के करीब है, जहां स्थिति "नियंत्रण से बाहर हो सकती है।" अमेरिकी मीडिया के पूछे जाने पर, कि क्या कतर को लगता है कि अमेरिका की तय समय सीमा से पहले इस युद्ध को शांत किया जा सकता है, कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने कहा: "हम सभी पक्षों से लगातार आग्रह कर रहे हैं कि वे इस युद्ध का कोई समाधान निकालें, इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए।"

■ दूतावास ने लोगों को सुरक्षित इमारतों में रहने तथा जरुरी दवाएं व सामान साथ रखने का निर्देश दिया है।

# पवन खेड़ा के घर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के निजामुद्दीन ईस्ट स्थित घर पहुंची। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पूर्व ही, उन्होंने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के पास तीन पासपोर्ट हैं और विदेशी संपत्तियां हैं। कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा असम पुलिस के आने के समय घर पर मौजूद नहीं थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नेता हैदराबाद में हैं।

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, "खेड़ा सोमवार को गुवाहाटी से भाग गये । मुझे मीडिया के जरिए पता चला कि पुलिस उनके दिल्ली स्थित निवास पर गई है, लेकिन वे हैदराबाद चले गए हैं। कानून अपना काम करेगा।"

पुलिस टीम कांग्रेस नेता के घर से दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर बाद चली गई। घर की तलाशी के बाद असम पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, "हमें पवन खेड़ा नहीं मिले। घर की तलाशी ली गई। कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।" इस कार्रवाई का कारण यह रहा कि खेड़ा ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयाँ सरमा, के पास तीन पासपोर्ट हैं और परिवार के संयुक्त राज्य अमेरिका में 52,000 करोड़ रुपये के व्यापारिक हित हैं। तलाशी की कार्रवाई उस एफआईआर के बाद हुई, जो सरमा की पत्नी ने सोमवार को दर्ज कराई थी।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उनकी पत्नी पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए, तुरंत धमकी एवं अपमान भरे लहजे में कहा था, "पवन खेड़ा, पवन पेड़ा बन जाएगा" (जिसमें कोई मिठास नहीं है)।

# युद्ध समाप्ति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

9. ईरान होर्मुज़ के माध्यम से सुरक्षित मार्ग के लिए नियम बनाएगा।

10. ईरान होर्मुज़ शुल्क का उपयोग युद्ध की क्षतिपूर्ति के बजाय, पुनर्निर्माण के लिए करेगा।

# जिस देश का इतिहास कुछ ढाई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिटने को तैयार हैं।

ईरान के प्रतिरोध का संकेत देते हुए, एक प्रसिद्ध ईरानी संगीतकार पहले ही एक खूबसूरत ईरानी कालीन पर बैठा है, पीछे बिजली संयंत्र दिखाई दे रहा है, और वह अपने पारंपरिक ईरानी वाद्य यंत्र को बजा रहा है।

अभी कुछ ही महीने पहले, पूरा देश अपने तानाशाही शासकों के खिलाफ खड़ा हुआ था। अब वही देश मजबूत राष्ट्रीवादी भावना के साथ, अपने राष्ट्रीय अस्तित्व की खातिर एकजुट हो रहा है। ट्रंप की नीतियों ने विरोध कर रहे देश को मजबूत राष्ट्रवादी बना दिया है।

अपने दम्भ के स्वर में, ट्रंप ने कहा कि पूरे देश को एक रात की बमबारी में ध्वस्त करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने देश के सभी बिजली संयंत्रों और नागरिक सुविधाओं, जैसे पुलों और सड़कों को नष्ट करने की धमकी दी। सभी विशेषज्ञों और कूटनीतिज्ञों ने चेतावनी दी है कि ऐसे कार्य, वर्तमान युद्ध कानून के तहत, युद्ध अपराध माने जाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति की ईरान के खिलाफ कड़ी भाषा यह भी दर्शाती है कि वे ईरान पर निर्णायक विजय प्राप्त न होने की हताशा से पीड़ित हैं। उनका युद्ध, जिसके शुरू में केवल एक सप्ताह में समाप्त होने की उम्मीद थी, अब दूसरे महीने में प्रवेश कर गया है और अमेरिका को कोई स्पष्ट जीत नहीं मिली है।

रियल एस्टेट और निर्माण उद्योग पृष्ठभूमि वाले वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी अनूठी भाषा में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि क्रांतिकारी रूप से कुछ अद्भुत भी हो सकता है।

संभवत: उनके पास ऐसा समय भी नहीं था कि वे ग्रे की "एलेजी" जैसी भावपूर्ण कविता को पढ़ पाते।

ट्रंप ईरान के तेल द्वीप खार्ग पर बमबारी पहले ही कर चुके हैं, जो देश के 90 प्रतिशत तेल निर्यात को संभालता है। अमेरिकी सैनिकों ने उसी द्वीप पर ईरानी सैन्य गोदामों और टर्मिनलों को भी निशाना बनाया। इसके जवाब में, ईरान ने अमेरिकी क्षेत्रीय सहयोगियों पर और हमले करने की धमकी दी है।

वर्तमान युद्ध में ये देश काफी नुकसान झेल चुके हैं। उन्होंने शिकायत की, लेकिन ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों की बारिश के सामने कुछ नहीं कर पाए।

अब युद्ध एक खतरनाक मोड़ ले रहा है, जहां नागरिक सुविधाओं और आम नागरिकों को भी निशाना बनाया जाना है। दोनों पक्ष यह भी कह रहे हैं कि वे जल शोधन संयंत्रों को भी निशाना बनाएंगे। खाड़ी और पश्चिम एशिया के शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के स्रोत सीमित हैं और जल शोधन संयंत्र वहां की आबादी की जल आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

इसके अलावा, तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इन क्षेत्रों में बिना एयर-कंडीशनिंग के जीवन लगभग असंभव होगा। यदि युद्ध इन सुविधाओं को अंधाधुंध नष्ट करता है, तो यहां से भारी पलायन की संभावना है।

# बैसाखी पर 2800 भारतीयों को पाकिस्तान का वीज़ा

नई दिल्ली, 07 अप्रैल। बैसाखी के अवसर पर पाकिस्तान ने इस वर्ष भारत के 2800 से अधिक तीर्थयात्रियों को वीज़ा जारी किया है।

दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग ने मंगलवार को बताया कि बैसाखी पर्व के अवसर पर भारत से 2800 से अधिक तीर्थयात्रियों को वीज़ा जारी किए गए हैं, ताकि वे 10 से 19 अप्रैल 2026 तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले वार्षिक धार्मिक समारोह में भाग ले सकें।

■ ये 10 से 19 अप्रेल तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले वार्षिक धार्मिक समारोह में भाग ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि खालसा साजना दिवस, यानी बैसाखी के पवित्र अवसर पर हर वर्ष भारत से सिख श्रद्धालुओं के जत्थे पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए जाते हैं। इस यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा किया जाता है, जो श्रद्धालुओं की यात्रा और व्यवस्थाओं का समन्वय करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बैंक खाते को फ्रॉड घोषित करने के नियम बनाये

## बैंक के लिये ग्राहक को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका देना कोई अनिवार्य नहीं, पर 'फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट' पहले देनी होगी

नई दिल्ली, 08 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी के मामलों में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि बैंकों के लिए किसी भी खाते को 'फ्रॉड' (धोखाधड़ी) घोषित करने से पहले संबंधित ग्राहक को व्यक्तिगत रूप से मौखिक सुनवाई का मौका देना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए एक अहम शर्त भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि बैंकों को भले ही व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत न हो, लेकिन किसी भी खाते को फ्रॉड लेबल करने से पहले बैंक को उस ग्राहक को 'फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट' मुहैया करानी होगी। यह रिपोर्ट ग्राहक को अपना पक्ष रखने और बैंक के आरोपों को समझने का मौका देगी, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है।

यह फैसला भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इस साल की शुरुआत में दी गई दलीलों के बाद आया है।

■ गत दो वर्ष में बैंच धोखाधड़ी के करीब 60 हजार मामले दर्ज हुए, जिनमें 48,244 करोड़ रुपये की राशि थी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एसबीआई की ओर से दलील दी थी कि बैंकिंग प्रणाली में धोखाधड़ी के मामलों के बड़े पैमाने को देखते हुए हर मामले में व्यक्तिगत सुनवाई करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

मेहता ने तर्क दिया कि यदि व्यक्तिगत सुनवाई की अनिवार्यता लागू की जाती है तो इससे धोखाधड़ी वाले खातों की पहचान करने और उन्हें घोषित करने की पूरी प्रक्रिया बाधित हो सकती है। कोर्ट को बताया गया कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में बैंक धोखाधड़ी के लगभग 60,000 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 48,244 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी।

# एयर इंडिया के सीईओ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाद इस पद को संभाला और अपना पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने से पहले इस्तीफा दे दिया।

अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बेड़े के आधुनिकीकरण, सेवा मानकों में सुधार और संचालन एकीकरण के जो प्रयास किए, उनमें उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिनमें सप्लाई चेन में व्यवधान, विमान डिलीवरी में देरी और बढ़ती लागत शामिल हैं।

एयर लाइन ने कहा, "विल्सन ने 2024 में एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने का इरादा बताया था और तब से वे संगठन और नेतृत्व टीम को संक्रमण के लिए स्थिर आधार पर सुनिश्चित करने का काम कर रहे थे।"

विल्सन अपने उत्तराधिकारी की घोषणा होने तक सीईओ तथा प्रबंधनिदेशक के पद पर काम करते रहेंगे और एमडी के रूप में कार्य जारी रखेंगे।

# रुस और चीन खुलकर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पास वीटो शक्ति है। इसी का इस्तेमाल कर प्रस्ताव को रोक दिया गया। शुरुआत में प्रस्ताव में अनुच्छेद 7 शामिल था। इससे सदस्य देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए बल प्रयोग की अनुमति मिल सकती थी। रूस और चीन इसका विरोध कर रहे थे। इसी वजह से लंबे समय तक बातचीत चली। प्रस्ताव की भाषा बदली गई। अंत में जो प्रस्ताव लाया गया, उसमें केवल देशों से रक्षात्मक तरीके से सहयोग करने की बात कही गई। बल प्रयोग की बात हटा दी गई थी।

बहरीन को उम्मीद थी कि रूस और चीन कम से कम मतदान से दूरी बनाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर बंटी हुई नजर आई। रूस और चीन ने वीटो कर साफ कर दिया कि वे ईरान के साथ खड़े हैं। दोनों देशों का कहना है कि प्रस्ताव में ईरान की बहुत कड़ी आलोचना की गई थी।

# पश्चिम एशिया वॉर बढ़ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक वीडियो संदेश में, रहिमी ने युवाओं, विश्वविद्यालयी समुदायों और सांस्कृतिक हस्तियों को स्थानीय समयानुसार मंगलवार दोपहर 2 बजे बिजली संयंत्रों के पास एकत्र होने का आग्रह किया। उन्होंने इन सुविधाओं को "हमारी संपत्ति" कहा और लोगों से, नज़र में आने वाली, नागरिक उपस्थिति के माध्यम से, उनकी सुरक्षा करने का आग्रह किया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए, रहिमी ने कहा कि सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी हमले को युद्ध अपराध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक एकजुट होकर स्पष्ट संदेश देंगे कि नागरिक जीवन और आवश्यक सेवाओं को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

ईरान के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र में भी चिंता जताई, अमेरिकी चेतावनियों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और जन-जीवन पर हमलों को प्रोत्साहित करने वाला बताया।

ट्रंप ने ईरान के लिए "रात 8 बजे की समय सीमा" निर्धारित की है। उन्होंने संकेत दिया कि अगर तेहरान अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं देता, तो अमेरिकी सेनाएं सीमित समय में बिजली संयंत्रों और पुलों पर समन्वित हमले कर सकती हैं।

वाइट हाउस में बोलते हुए, ट्रंप ने कहा कि यह अभियान मुख्य बुनियादी ढांचे को अनुपयोगी बना सकता है। उन्होंने कहा कि स्थिति संकटपूर्ण अवधि में है और ईरान को समझौता करने के लिए अतिरिक्त समय पहले ही दिया जा चुका है।

उन्होंने चेतावनी दी, "पूरा देश एक रात में तबाह हो सकता है तथा समय सीमा एक टर्निंग पॉइन्ट का रुप ले सकती है।

ट्रंप ने कहा, "यह एक संकटपूर्ण अवधि है... उन्होंने सात दिनों की वृद्धि मांगी; मैंने उन्हें 10 दिन दिए। अब उनका समय कल तक है। अब देखेंगे, क्या होता है... बहुत लोग इससे प्रभावित हैं।

हम उन्हें कल, पूर्वी समयानुसार 8 बजे तक का समय दे रहे हैं। उसके बाद उनके पास कोई पुल नहीं होगा। उनके पास कोई बिजली संयंत्र नहीं होगा। वे पाषाण काल में होंगे।"

इसी बीच, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने चिंता व्यक्त की, जब प्रक्षेपास्त्र कथित रूप से बुशहर परमाणु ठिकाने के पास गिरे। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को कभी भी सैन्य लक्ष्य नहीं बनाना चाहिए।

पश्चिमी मीडिया ईरानी जनता का मनोबल तोड़ने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह मीडिया ऐसी न्यूज़ रिपोर्ट दे रहा है, जिससे जवाबी हमले का सार्वजनिक संकल्प प्रभावित हो सकता है। "द टाइम्स यूके" में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, नव नियुक्त सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई क़ोम शहर में चिकित्सा उपचार ले रहे हैं और गंभीर स्थिति में हैं।

रिपोर्ट, जिसे अमेरिकी और इज़राइल द्वारा खाड़ी देशों को साझा किए गए खुफिया इनपुट पर आधारित बताया गया है, दावा करती है कि खामेनेई इस समय बेहोश हैं और किसी राजकीय निर्णय में भाग लेने में असमर्थ हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यह पहली बार है कि उनकी सटीक स्थिति सार्वजनिक रूप से इतनी विस्तार से जानकारी में आई है।

समीक्षा किए गए मेमो के अनुसार, खामेनेई "सीरियस मेडिकल कन्डीशन" के इलाज में हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ने के बाद से वे सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाई दिए हैं, और ईरान के सरकारी मीडिया ने उनके कथित बयान ही प्रसारित किए हैं।

# 29 अप्रैल के बाद दिल्ली सहित 22 राज्यों में एसआईआर का अंतिम चरण शुरु होगा

## चुनाव आयोग ने कहा हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद यह कवायद शुरु होगी

नई दिल्ली, 08 अप्रैल। चुनाव आयोग इस महीने आसन्न पांच विधानसभा चुनावों के बाद दिल्ली सहित, शेष 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का तीसरा और अंतिम चरण शुरू कर सकता है।

एसआईआर चुनाव समाप्त होने के बाद 29 अप्रैल को शुरू हो सकती है। एक और संभावना यह है कि परिणामों की घोषणा के बाद इस विशाल कार्य को शुरू किया जाए। अब तक एसआईआर 10 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में किया गया है। असम में चुनावी रजिस्ट्रों का विशेष संशोधन किया गया। इन मतदाता सूची की छंटनी में लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ को शामिल किया गया है। बचे हुए 39 करोड़ मतदाताओं को 17 राज्यों व पांच केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रस्तावित कार्य में शामिल किया जाएगा। इस महीने केरलम, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और मतगणना 4 मई को होगी। अधिकारियों ने कहा कि 19 फरवरी को चुनाव आयोग ने दिल्ली सहित 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से एसआईआर से संबंधित तैयारी का कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा था, क्योंकि इसके अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है।

■ चुनाव आयोग ने इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को इस बारे में पत्र लिखा है।

# पान मसाला विज्ञापन को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिवाद पेश कर अपने आप को एक्टिविस्ट बताया है और वह इस उत्पाद के उपभोक्ता भी नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि, जिला उपभोक्ता आयोग में 12 दिसंबर 2025 को योगेन्द्र सिंह द्वारा एक शिकायत दर्ज की गई, जिसमें कहा गया कि राजश्री पान मसाला और सलमान खान तंबाकु के प्रयोग को लेकर भ्रामक विज्ञापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजश्री द्वारा जारी एक विज्ञापन में बताया गया कि, इस तंबाकु उत्पाद में केसर का उपयोग किया गया है, लेकिन यह सच नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. सिंह की ओर से बताया गया कि, योगेन्द्र सिंह ने अपनी याचिका में कहा था कि राजश्री पान मसाला के उपयोग से कैंसर होता है, परंतु उन्होंने अपनी याचिका में जिन विज्ञापनों की बात की थी, वह पान मसाला ना होकर सिल्वर कोटेड इलायची से संबंधित थे। जिसके ब्रांड एम्बेसेडर अभिनेता सलमान खान हैं। ऐसे में जिला आयोग की ओर से विज्ञापन करने पर रोक लगाना और विज्ञापन करने वाले अभिनेता सलमान खान सहित अन्य के जमानती वॉरंट जारी करने का आदेश गलत और गैर कानूनी है। ऐसे मामलों की सुनवाई करने का अधिकार केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को ही है।

जिरह के दौरान उन्होंने बताया कि, जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 6 जनवरी 2026 को दूसरी सुनवाई के दौरान विज्ञापन पर रोक लगायी गयी थी और यह आदेश कंपनी और सलमान खान का पक्ष सुने बिना ही दिए गए थे। साथ ही यह भी कहा गया था कि राजश्री पान मसाला कंपनी पर यह आदेश तब तक लागू रहेगा, जब तक कि वह अपना जवाब पेश नहीं कर देती। इसके बाद 15 जनवरी 2026 को जब कंपनी की ओर से जवाब प्रस्तुत कर दिया गया था, इसके बावजूद भी जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने 6 जनवरी के आदेश को नहीं हटाया, उल्टा सलमान खान के हस्ताक्षरित शपथ पत्र में हस्ताक्षर मिलान करने के लिए कमिश्नर नियुक्त करने के आदेश तक दे डाले, जो कि पूरी तरह अवैध है।

अदालत को बताया गया कि जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा दिए गए अवैध आदेशों के खिलाफ राजश्री पान मसाला और सलमान खान की ओर से राज्य आयोग में अपील दायर की गई। जिस पर राज्य आयोग ने सभी कानूनी तर्कों को रिकॉर्ड पर तो लिया, लेकिन जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर कोई रोक नहीं लगायी।

सुनवाई के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका में अदालत ने माना कि जिला उपभोक्ता मंच के पास ऐसी शिकायतें सुनने का कोई अधिकार नहीं था। जिला उपभोक्ता आयोग ने राजश्री पान मसाला और अभिनेता सलमान खान का पक्ष सुने बिना ही विज्ञापन बंद करने के आदेश दिए थे, जो कि गलत है। जब सुनवाई के दौरान कंपनी व अभिनेता की ओर से पैरवी के लिए अधिवक्ता मौजूद थे, उसके बावजूद भी जमानती वारंट जारी करना और यह कह देना कि अभिनेता सलमान खान के हस्ताक्षर मैच करवाए जाएं, पूरी तरह अवैध है। ऐसे में एकलपीठ ने उपभोक्ता आयोग के तीनों आदेशों पर रोक लगा दी।

# भाजपा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आपको ऐसा करने पर मजबूर करेंगे।" उन्होंने मतदाता सूची से नाम हटाने के आरोप को भी दोहराया। उन्होंने कहा, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान, पश्चिम बंगाल में 250 लोग मरे हैं। इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है।"

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908